# (38) ट्रेड–सुरक्षा (**Security**)

## कक्षा– 12

उद्देश्य–

1–छात्र–छात्राओं में सुरक्षा चेतना एवं सुरक्षा के प्रति दायित्व बोध का विकास करना।

2–छात्र–छात्राओं मे सम्प्रेषण क्षमता एवं व्यक्तित्व का चतुर्दिक विकास करना।

3–प्राकृतिक आपदा एवं आपातकालीन स्थितिजन्य चुनौतियों से निपटने हेतु सक्षम एवं सेवायें अर्पित करने हेतु तत्पर बनाना।

4–उत्पादन/कार्यस्थलों में सुरक्षा परिवेश को बेहतर बनाकर जीवन स्थितियों (Living Conditions) को सुगम एवं जनहानि कम करना।

5–छात्र–छात्राओं में प्राथमिक उपचार का कौशल विकसित कर, दुर्घटना/आपातकाल मे जरूरतमंदों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना।

6–सार्वजनिक/औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की समझ विकसित कर, कार्यस्थल की सुरक्षा को प्रभावी बनाने में योगदान देना तथा सुरक्षा के रोजगार क्षेत्र में छात्र/छात्राओं को अर्ह बनाना।

रोजगार के अवसर

1–पाठ्यक्रम में दक्षता हासिल करने के उपरान्त छात्र/छात्रायें सुरक्षा बल, सार्वजनिक एवं निजी उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं के रोजगार क्षेत्र में सेवायोजन प्राप्त कर सकेंगे।

2–आपदा प्रबन्धन, नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं के क्षेत्र में रोजगार के साथ देश के नागरिक होने के दायित्व का निर्वहन भी कर सकेंगे।

### प्रश्न–पत्र–प्रथम
### आपदा प्रबन्धन

**पूर्णांक : 60**

1–**आपदा सम्बन्धी तैयारी** : आपदा का अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन नियोजन, संचार, आपदास्पद स्थितियों में नेतृत्व, उपयोगी वस्तुओं का भण्डारण एवं प्रभावी वितरण, सामुदायिक भागेदारी एवं जन जागरुकता कार्यक्रम। **20 अंक**

2–**आपदा प्रबन्धन** : विभिन्न अभिकरणों की भूमिका, जिला प्रशासन, सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बल, गैर सरकारी संगठन, जन संचार माध्यम। **20 अंक**

3–**राहत कार्य, हताहत प्रबन्धन एवं पुनर्वास** : हताहतों/प्रभावितों को खोजना, बचाना, पीड़ितों के लिए बसेरा, पशुधन और राहत कार्य, मलबे को हटाना और मृतकों का संस्कार, अग्नि नियंत्रण, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवायें, पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास, आपदा जन्य हानि का मूल्यांकन एवं समीक्षा। **20 अंक**

### द्वितीय–प्रश्न–पत्र
### सुरक्षा

**पूर्णांक : 60**

1–**भारतीय सुरक्षा में सहायक सेनाओं/अर्द्धसैनिक बल की भूमिका** : तटरक्षक सेना, सीमा सुरक्षा बल, भारतीय तिब्बत सीमा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, रैपिड एक्शन फोर्स तथा राज्य के सुरक्षा बल। **15 अंक**

2–**रक्षा की द्वितीय पंक्ति** : राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय राइफल्स, प्रादेशिक सेना। **05 अंक**

3–**सशस्त्र सेना की चयन प्रक्रिया एवं प्रशिक्षण** : भारतीय स्थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना के प्रवेश की चयन प्रक्रिया, अर्हता शर्तें एवं प्रशिक्षण केन्द्र : भारतीय रक्षा अकादमी, खडगवासला, भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून आदि। **25 अंक**

4–**केन्द्र एवं राज्य स्तर पर संचालित आसूचना संस्थायें (Intelligence Agencies)** : देश की सुरक्षा में आसूचना तंत्र का महत्व, इतिहास एवं वर्तमान में संचालित आसूचना संस्थाओं की आधारित जानकारी।**10 अंक**

5–भारतीय सुरक्षा में व्यक्तिगत सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका **05 अंक**

### प्रश्न–पत्र–तृतीय
### कार्य स्थलीय स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय

**पूर्णांक : 60**

1–खतरों से सम्बन्धित जोखिम का आकलन। **40 अंक**

- कार्यस्थलीय स्वास्थ्य की प्रावस्थायें एवं सुरक्षात्मक रणनीति।
- जोखिम प्रबन्धन के विभिन्न चरण।

- कार्यस्थल में जोखिम की तीव्रता को प्रभावित करने वाले कारक।
- कार्यस्थल में खतरों के आकलन से सम्बन्धित विचारणीय तत्व।

**2–कार्यस्थल में खतरों से सुरक्षा के उपाय।** 20 अंक

- आपातकालीन प्रतिक्रिया के विभिन्न तत्व
- कार्यस्थल में खतरों से सुरक्षा के विभिन्न साधन एवं प्रभावी उपाय।

## प्रश्न–पत्र–चतुर्थ
## युद्ध में विज्ञान एवं तकनीकी

पूर्णांक : 60

**1–नवीन सैन्य तकनीकी (भारत के सन्दर्भ में)** 20 अंक

- निर्देशित प्रक्षेपात्रों के प्रकार एवं भारत में उनका विकास।
- इलेक्ट्रानिक युद्ध प्रणालियाँ एवं तकनीकी।
- इलेक्ट्रानिक विरोधी उपाय (Electronic Counter Measures)
- संकुलन (Jamming) : प्रकार एवं विधियाँ।
- इलेक्ट्रानिक विरोधी–विरोधी उपाय (इलेक्ट्रानिक विरोधी उपाय Electronic Counter Counter Measures)

**2–भारत की रक्षा सामर्थ्य एवं उत्पादन** 20 अंक

- भारत के रक्षा प्रतिष्ठान एवं आयुद्ध निर्माणी : उत्पादन एवं उपलब्धियाँ
- भारत का रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

**3–भारतीय अन्तरिक्ष कार्यक्रम एवं उपलब्धियाँ** 20 अंक

## प्रश्न–पत्र–पंचम
## नागरिक सुरक्षा

पूर्णांक : 60

**1–बचाव (रेस्क्यू)** 20 अंक

- बचाव की आपातकालीन विधियाँ (Emergency Method of Rescue)
- एक बचाव कर्ता द्वारा, दो बचाव कर्ता द्वारा, चार बचाव कर्ता द्वारा
- इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर–दो बांस एवं एक कम्बल से स्ट्रेचर तैयार करना
- ऊँचे भवनों से घायलों को निकालना (Rescue from High Ris Building) : पावर मैन लिफ्ट, चेयर नाट, दो रस्सियों के सहारे स्ट्रेचर उतारना (Sliding Stretcher on two parallel ropes), सीढ़ी के सहारे उतारना (Sliding Stretcher down the ladder), हिन्ज मेथड, टू प्वाइन्ट मेथड, फ्लाइंग

**2–विस्थापन (Evacuation)** 20 अंक

- हवाई हमले या आपदा के समय जनता को सुरक्षित स्थान पर ले जाना।
- शरण स्थलों का चिन्हांकन एवं स्थापना
- पूछताछ केन्द्र की स्थापना
- विस्थापितों के लिए भोजन एवं वस्त्र की व्यवस्था
- पब्लिक एड्रेस सिस्टम

**3–सामुदायिक पुलिसिंग (Community Policing)** 20 अंक

- आम जनता का स्थानीय पुलिस से बेहतर समन्वय, शान्ति व्यवस्था एवं अपराध नियन्त्रण में पुलिस को सहयोग, सम्भ्रान्त नागरिकों की पुलिस के साथ बैठक।
- अपने गली मोहल्ले में संदिग्धों पर नजर रखना एवं संदिग्ध व्यक्ति/अग्रिम घटना की आशंका होने पर यथा समय सूचना पुलिस को देना।
- मुहल्ला सुरक्षा समितियों का गठन
- राष्ट्रीय पर्वों को सोल्लास मनाकर आम जनता में राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करना।

**प्रायोगिक** 400 अंक

1–निकटवर्ती रक्षा प्रतिष्ठान/अर्द्ध सैनिक बल मुख्यालय/आतंकवादी विरोधी प्रशिक्षण केन्द्र आदि का भ्रमण एवं बटालियन स्तर तक प्रयुक्त होने वाले रक्षा आयुध/उपकरण/सामग्री, रणनीति/समरतन्त्र का अध्ययन एवं रिपोर्ट तैयार करना।

2–विद्यालय के स्थान का मानचित्र अध्ययन एवं मानचित्र अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण यथा तरल त्रिपार्श्व दर्शी का प्रयोग।

3–स्थल सेना/नौ सेना/वायु सेना में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों यथा टैंक, जलयान एवं यौद्धिक विमान में मॉडल पर आधारित स्पाटिंग।

4–छात्रों द्वारा कृत्रिम हवाई हमले से बचाव का प्रदर्शन

5–विस्थापन की माक ड्रिल

6–छात्रों द्वारा अग्निशमन दल, प्राथमिक एवं बचाव के तीन दल अलग–अलग बनवा कर ड्रिल करवाई जाय।

उपकरण

| S.No. | Specifications | Rate | Supplier |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | Liquid Prismatic Compass MK-III A | Rs. 6.000 | Ordnance Factory Raipur, Dehradun, (Uttarakhand) |
| 2. | Toposheet (Gridded) | Rs. 75 | Surveyor General of India, Hathibarkala, Dehradun |
| 3. | CCTV | | |
| 4. | Finger Print Scanner | | |
| 5. | Irish Scanner | | |
| 6. | Face Scanner | | |
| 7. | Door Scanner | | |
| 8. | Fire Party :<br>a. Pocket Line-12<br>b. Bucket-2<br>c. Helmet-16<br>d. Fireman Axe-2 | | |
| 9. | First Aid Kit | | |
| 10. | Blanket-3 | | |
| 11. | Stretcher-5 | | |
| 12. | Spillers-One set | | |
| 13. | Torch-1 | | |
| 14. | Tripod-12 | | |
| 15. | Extension Ladder 35'-One | | |
| 16. | Rope-200' One | | |
| 17. | Rope-100'-One | | |
| 18. | Wooden Shaft-2 | | |
| 19. | Iron Picket-2 | | |
| 20. | Hammer-1 | | |
| 21. | Pulley-1 (Single Sheaf) | | |
| 22. | Pulley-1 (Double Sheaf) | | |
| 23. | Snatch Clock-1 | | |

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और उनकी प्रायोगिक परीक्षा होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा।

| | पूर्णांक | उत्तीर्णांक |
|---|---|---|
| (क) सैद्धान्तिक–– | | |
| प्रथम प्रश्न पत्र | 60 | 20 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| द्वितीय प्रश्न पत्र | 60 | | 20 | |
| तृतीय प्रश्न पत्र | 60 | 300 | 20 | 100 |
| चतुर्थ प्रश्न पत्र | 60 | | 20 | |
| पंचम प्रश्न पत्र | 60 | | 20 | |

| (ख) **प्रायोगिक** | पूर्णांक | | उत्तीर्णांक |
|---|---|---|---|
| आन्तरिक परीक्षा | 200 | 400 | 200 |
| वाह्य परीक्षा | 200 | | |

**प्रायोगिक परीक्षा में मूल्यांकन हेतु अंको का वितरण।**

| **S.N.** | **Practical** | **Marks Allotted** |
|---|---|---|
| 1 | कार्यस्थल की विजिट, किसी एक समस्या/बिन्दु पर केस स्टडी अथवा आख्या तैयार करना। | 50 |
| 2 | रक्षा सेनाओं द्वारा प्रयुक्त यौद्धिक उपकरण/आपदा प्रबन्धन/नागरिक सुरक्षा में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की स्पाटिटंग। | 50 |
| 3 | नागरिक सुरक्षा/आपदा प्रबन्धन/प्राथमिक उपचार की मॉक ड्रिल या मॉक टेस्ट | 50 |
| 4 | मौखिकी | 50 |
| | **योग . .** | **200** |

**नोट** : परीक्षाार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्नपत्र में न्यूनतम 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एंव प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक पाना अनिवार्य होगा।